(b) and (c) No data on categories of subscribers is available. Investors repose their confidence in small savings schemes owing to Government of India guarantee, attractive returns, substantial tax benefits and easy liquidity terms. A large network of Post Offices & branches of public sector banks ensure easy access to these schemes. Therefore, investor confidence is expected to continue in Small Savings Schemes.

एक, दो और पांच रुपए के नोटों के प्रचलन को रोकना

2277. **श्री दिलीप सिंह जूदेव:** क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) वर्ष 1994-95 से 1998-99 की अवधि के दौरान वर्षवार एक, दो और पांच रुपए के नोट और सिक्के कितनी मात्रा में जारी किए गए;

(ख) उक्त अवधि के दौरान वापिस लिए गए खराब नोट और नष्ट किए गए नोटों की संख्या कितनी है; और

(ग) एक, दो और पांच रुपए के नोटों के प्रचलन को रोकने और उनके स्थान पर केवल सिक्कों को प्रचलन में लाने के लिए की जा रही कार्रवाई का ब्यौरा क्या है?

वित्त मंत्री (श्री यशवन्त सिन्हा): (क) वर्ष 1994-95 से 1998-99 की अवधि के दौरान जारी किए गए 1 रुपए, दो रुपए और 5 रुपए के नोटों और सिक्कों की मात्रा निम्नलिखित है:—

(मिलियन अदद)

वर्ष	जारी किए गए सिक्कों की मात्रा			जारी किए गए नोटों की मात्रा		
	1/- रु०	2/- रु०	5/- रु०	1/- रु०	2/- रु०	5/- रु०
1994-95	584	287	305	44	100	472
1995-96	206	450	297	—	—	203
1996-97	520	285	376	—	—	—
1997-98	1078	545	305	—	—	—
1998-99 (दिसम्बर, 98 तक)	648	62.5	271	—	—	—

(ख) वर्ष 1994-95 से 1998-99 तक की अवधि के दौरान वापस किए गए और नष्ट किए गए 1 रुपए, 2 रुपए, और 5 रुपए के नोटों की संख्या निम्नलिखित है:—

(मिलियन अदद)

वर्ष	मूल्यवर्ग एवं मात्रा		
	1 रुपया	2 रुपया	5 रुपया
1994-95	289	823	1096
1995-96	215	578	921
1996-97	131	379	754
1997-98	88	270	561
1998-99 (दिसम्बर, 98 तक)	35	105	263

(ग) 1 रुपए, 2 रुपए और 5 रुपए के मूल्यवर्ग के फटे पुराने/कटे-फटे नोटों को चलन से हटाने की दृष्टि से भारतीय रिजर्व बैंक ने छोटे मूल्यवर्ग के नोटों को बदलने के लिए अपने सभी निर्गम कार्यालयों में विशेष काउण्टर खोले हैं। भारतीय रिजर्व बैंक ने पूरे देश के मुख्य समाचार-पत्रों में इस सुविधा के बारे में अंग्रेजी और प्रान्तीय भाषा में विज्ञापन भी जारी किए हैं जिसमें भारतीय रिजर्व बैंक के काउण्टरों पर छोटे मूल्यवर्ग के नोटों को बदलने के लिए जनता का सहयोग मांगा है। उपर्युक्त सुविधा देश में सरकारी क्षेत्र के बैंक की शाखाओं में फटे-पुराने नोटों को बदलने के लिए पहले से उपलब्ध सुविधा के अतिरिक्त है।